PREVIEW QUESTION BANK(Single)

Module Name : NCET Language: ENGLISH
Section Name : 102-Hindi Language and Literature
Exam Date : 29-Apr-2025 Batch : 09:00-12:00

Sr. No.	Client Question ID	Question Body and Alternatives	Marks	Ne M
Section : 102-Hindi Language and Literature				
Topic : Topic 3				
Q.Type : Objective Question				
1	3024	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** विज्ञान का अर्थ है - विशेष ज्ञान। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए जो नए-नए आविष्कार किए हैं, वे सब विज्ञान की देन हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान के अनगिनत आविष्कारों के कारण मनुष्य का जीवन पहले से अधिक आरामदायक हो गया है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, ई-मेल, फेसबुक, ट्विटर आदि ने तो वाकई मनुष्य की जिंदगी को बदलकर ही रख दिया गया है। जितनी जल्दी वह सोच सकता है, लगभग उतनी ही देर में जिस व्यक्ति को चाहे मैसेज भेज सकता है, उससे बातें कर सकता है - चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। यातायात के साधनों से आज यात्रा करना अधिक सुविधाजनक हो गया है। आज महीनों की यात्रा दिनों में तथा दिनों की यात्रा चंद घंटों में पूरी हो जाती है। द्रुतगति से यात्रा करने हेतु ट्रेनें, हवाई जहाज आदि यातायात के साधन के रूप में काम में लाए जा रहे हैं। दिन ब-दिन इनकी गति और उपलब्धता में और सुधार हो रहा है। विज्ञान ने चिकित्सा के क्षेत्र में भी हमारे लिए बहुत सुविधाएँ जुटाई हैं। आज कई असाध्य बीमारियों का इलाज मामूली गोलियों से हो जाता है। कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों के लिए चिकित्सक और चिकित्सा विशेषज्ञ लगातार प्रयासरत हैं। सिक्के के दो पहलुओं की ही भांति इन आविष्कारों के लाभ-हानि दोनों हैं। एक ओर परमाणु ऊर्जा जहाँ बिजली उत्पन्न करने में लगाई जा सकती है, वहीं इससे बननेवाले परमाणु हथियार मानव के लिए अत्यंत विनाशकारी हैं। अतः मनुष्य को अपनी आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए इनका लाभ उठाना चाहिए, न कि दुरुपयोग कर इनके आविष्कारों पर प्रश्नचिह्न लगाना चाहिए। --- उपर्युक्त गद्यांश में यातायात के द्रुतगति वाले साधनों के रूप में किसका उदाहरण दिया गया है? 1. बैलगाड़ी 2. घोड़ा-गाड़ी 3. रथ 4. हवाई जहाज, ट्रेन आदि (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00
Q.Type : Objective Question				
2	3025		4.0	1.00

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
विज्ञान का अर्थ है - विशेष ज्ञान। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए जो नए-नए आविष्कार किए हैं, वे सब विज्ञान की देन हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान के अनगिनत आविष्कारों के कारण मनुष्य का जीवन पहले से अधिक आरामदायक हो गया है।
मोबाइल फोन, इंटरनेट, ई-मेल, फेसबुक, ट्विटर आदि ने तो वाकई मनुष्य की जिंदगी को बदलकर ही रख दिया गया है। जितनी जल्दी वह सोच सकता है, लगभग उतनी ही देर में जिस व्यक्ति को चाहे मैसेज भेज सकता है, उससे बातें कर सकता है - चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो।
यातायात के साधनों से आज यात्रा करना अधिक सुविधाजनक हो गया है। आज महीनों की यात्रा दिनों में तथा दिनों की यात्रा चंद घंटों में पूरी हो जाती है। द्रुतगति से यात्रा करने हेतु ट्रेनें, हवाई जहाज आदि यातायात के साधन के रूप में काम में लाए जा रहे हैं। दिन ब-दिन इनकी गति और उपलब्धता में और सुधार हो रहा है। विज्ञान ने चिकित्सा के क्षेत्र में भी हमारे लिए बहुत सुविधाएँ जुटाई हैं। आज कई असाध्य बीमारियों का इलाज मामूली गोलियों से हो जाता है। कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों के लिए चिकित्सक और चिकित्सा विशेषज्ञ लगातार प्रयासरत हैं।
सिक्के के दो पहलुओं की ही भांति इन आविष्कारों के लाभ-हानि दोनों हैं। एक ओर परमाणु ऊर्जा जहाँ बिजली उत्पन्न करने में लगाई जा सकती है, वहीं इससे बननेवाले परमाणु हथियार मानव के लिए अत्यंत विनाशकारी हैं। अतः मनुष्य को अपनी आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए इनका लाभ उठाना चाहिए, न कि दुरुपयोग कर इनके आविष्कारों पर प्रश्नचिह्न लगाना चाहिए।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर इनमें से गलत वाक्य का चयन करें -

1. वैज्ञानिक आविष्कारों से कोई हानि नहीं होती।
2. विज्ञान ने मानव जीवन को आरामदायक बनाया है।
3. परमाणु हथियार विज्ञान की देन हैं।
4. इंटरनेट ने मानव जीवन को बदलकर रख दिया है।

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

3	3026		4.0	1.00

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
विज्ञान का अर्थ है - विशेष ज्ञान। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए जो नए-नए आविष्कार किए हैं, वे सब विज्ञान की देन हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान के अनगिनत आविष्कारों के कारण मनुष्य का जीवन पहले से अधिक आरामदायक हो गया है।
मोबाइल फोन, इंटरनेट, ई-मेल, फेसबुक, ट्विटर आदि ने तो वाकई मनुष्य की जिंदगी को बदलकर ही रख दिया गया है। जितनी जल्दी वह सोच सकता है, लगभग उतनी ही देर में जिस व्यक्ति को चाहे मैसेज भेज सकता है, उससे बातें कर सकता है - चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो।
यातायात के साधनों से आज यात्रा करना अधिक सुविधाजनक हो गया है। आज महीनों की यात्रा दिनों में तथा दिनों की यात्रा चंद घंटों में पूरी हो जाती है। द्रुतगति से यात्रा करने हेतु ट्रेनें, हवाई जहाज आदि यातायात के साधन के रूप में काम में लाए जा रहे हैं। दिन ब-दिन इनकी गति और उपलब्धता में और सुधार हो रहा है। विज्ञान ने चिकित्सा के क्षेत्र में भी हमारे लिए बहुत सुविधाएँ जुटाई हैं। आज कई असाध्य बीमारियों का इलाज मामूली गोलियों से हो जाता है। कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों के लिए चिकित्सक और चिकित्सा विशेषज्ञ लगातार प्रयासरत हैं।
सिक्के के दो पहलुओं की ही भांति इन आविष्कारों के लाभ-हानि दोनों हैं। एक ओर परमाणु ऊर्जा जहाँ बिजली उत्पन्न करने में लगाई जा सकती है, वहीं इससे बननेवाले परमाणु हथियार मानव के लिए अत्यंत विनाशकारी हैं। अतः मनुष्य को अपनी आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए इनका लाभ उठाना चाहिए, न कि दुरुपयोग कर इनके आविष्कारों पर प्रश्नचिह्न लगाना चाहिए।

'विज्ञान' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

1. ज्ञान
2. विज्ञ
3. वि
4. विज्ञा

(A) 1

(B) 2

(C) 3

		(D) 4		

Q.Type : Objective Question

4	3027	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** विज्ञान का अर्थ है - विशेष ज्ञान। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं के लिए जो नए-नए आविष्कार किए हैं, वे सब विज्ञान की देन हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान के अनगिनत आविष्कारों के कारण मनुष्य का जीवन पहले से अधिक आरामदायक हो गया है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, ई-मेल, फेसबुक, ट्विटर आदि ने तो वाकई मनुष्य की जिंदगी को बदलकर ही रख दिया गया है। जितनी जल्दी वह सोच सकता है, लगभग उतनी ही देर में जिस व्यक्ति को चाहे मैसेज भेज सकता है, उससे बातें कर सकता है - चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। यातायात के साधनों से आज यात्रा करना अधिक सुविधाजनक हो गया है। आज महीनों की यात्रा दिनों में तथा दिनों की यात्रा चंद घंटों में पूरी हो जाती है। द्रुतगति से यात्रा करने हेतु ट्रेनें, हवाई जहाज आदि यातायात के साधन के रूप में काम में लाए जा रहे हैं। दिन ब-दिन इनकी गति और उपलब्धता में और सुधार हो रहा है। विज्ञान ने चिकित्सा के क्षेत्र में भी हमारे लिए बहुत सुविधाएँ जुटाई हैं। आज कई असाध्य बीमारियों का इलाज मामूली गोलियों से हो जाता है। कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों के लिए चिकित्सक और चिकित्सा विशेषज्ञ लगातार प्रयासरत हैं। सिक्के के दो पहलुओं की ही भांति इन आविष्कारों के लाभ-हानि दोनों हैं। एक ओर परमाणु ऊर्जा जहाँ बिजली उत्पन्न करने में लगाई जा सकती है, वहीं इससे बननेवाले परमाणु हथियार मानव के लिए अत्यंत विनाशकारी हैं। अतः मनुष्य को अपनी आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए इनका लाभ उठाना चाहिए, न कि दुरुपयोग कर इनके आविष्कारों पर प्रश्नचिह्न लगाना चाहिए। --- गद्यांश के अनुसार आज के युग में किसकी प्रधानता है? 1. धर्म की 2. संप्रदाय की 3. विज्ञान की 4. पर्वों की (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Topic : Topic 4

Q.Type : Objective Question

5	3028	'स्वरसंधि' के कितने भेद होते हैं? 1. पाँच 2. दो 3. एक 4. तीन (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

6	3029	निम्नलिखित में से किस समास में अंतिम पद प्रधान होता है? 1. तत्पुरुष 2. अव्ययीभाव 3. बहुव्रीहि 4. द्वंद्व	4.0	1.00

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

7	3030	"बीती विभावरी जाग री। अंबर-पनघट में डुबो रही तारा-घट उषा-नगरी।" इन काव्य-पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? 1. उपमा 2. उत्प्रेक्षा 3. विरोधाभास 4. रूपक (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

8	3031	'विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है।' यह कथन किस आचार्य का है? 1. मम्मट 2. विश्वनाथ 3. भरतमुनि 4. वामन (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

9 | 3032 | 4.0 | 1.00

सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:

	सूची-I (ग्रंथ)		सूची-II (आचार्य)
A.	साहित्यदर्पण	I.	भरतमुनि
B.	काव्यप्रकाश	II.	विश्वनाथ
C.	नाट्यशास्त्र	III.	जयदेव
D.	चंद्रालोक	IV.	मम्मट

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

1. A-I, B-II, C-IV, D-III
2. A-II, B-IV, C-I, D-III
3. A-II, B-I, C-IV, D-III
4. A-III, B-IV, C-I, D-II

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

10	3033	'जातीय' का विलोम शब्द क्या होगा? 1. प्रजातीय 2. स्वजातीय 3. सजातीय 4. विजातीय (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

11	3034	निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है? 1. अरहर 2. सारस 3. नकल 4. नकेल (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

12	3035	निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'पृथ्वी' का पर्यायवाची नहीं है? 1. वसुधा 2. इला 3. भूमि 4. आत्मजा (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

13	3036		4.0	1.00

'जो बहुत बोलता है' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

1. वक्ता
2. वाचाल
3. मितभाषी
4. मृदुभाषी

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

14	3037	वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है? 1. विश्लेषण 2. प्रर्याप्त 3. प्रदर्शनी 4. शासन (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.0(

Q.Type : Objective Question

15	3038	इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है? 1. मोर 2. अग्नि 3. वायु 4. वत्स (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.0(

Q.Type : Objective Question

16	3039	बनारसीदास जैन रचित 'अर्धकथानक' किस विधा की रचना है? 1. नाटक 2. कहानी 3. एकांकी 4. आत्मकथा (A) 1 (B) 2	4.0	1.0(

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

17	3040	सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:	4.0	1.00

सूची-I (कहानी)		सूची-II (कहानीकार)	
A.	इंदुमती	I.	रामचंद्र शुक्ल
B.	ग्यारह वर्ष का समय	II.	गिरिजादत्त वाजपेयी
C.	पंडित और पंडितानी	III.	बंगमहिला
D.	दुलाईवाली	IV.	किशोरीलाल गोस्वामी

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

1. A-IV, B-I, C-II, D-III
2. A-IV, B-I, C-III, D-II
3. A-I, B-III, C-II, D-IV
4. A-II, B-IV, C-I, D-III

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

18	3041	निम्नलिखित में से पत्र-लेखन की विशेषता नहीं है-	4.0	1.00

1. सरल भावशैली
2. विचारों की सुस्पष्टता
3. अनपेक्षित विस्तार
4. प्रभावान्विति

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

19	3042	'मिलाप' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?	4.0	1.00

1. अप
2. आप
3. लाप
4. प

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Q.Type : Objective Question

20	3043	'कपटी मित्र' किस मुहावरे का अर्थ है? 1. अगले जमाने का आदमी 2. गुदड़ी का लाल 3. आस्तीन का साँप 4. भाड़े का टट्टू (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

21	3044	'प्रतिक्षण' शब्द में निम्नलिखित में सें कौन-सा उपसर्ग है? 1. प्र 2. प्रत्य 3. क्षण 4. प्रति (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

22	3045	'उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई।' वाक्य में विशेषण है- 1. उनकी 2. आर्थिक 3. बिगड़ गई 4. स्थिति (A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4	4.0	1.00

Q.Type : Objective Question

23	3046	'यह राम की किताब है।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है? 1. अधिकरण 2. संबंध 3. अपादान 4. संबोधन (A) 1	4.0	1.00

(B) 2

(C) 3

(D) 4